An ISO Certified

विर्य की जांच के लिए विर्य का नमूना लेने के निर्देश

विर्य का नमूना लेने से पहले सभी निर्देशों को ध्यानसे पढ़ें। नमूना सही तरीके से लिया जाए इसलिए निर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है। इससे आपके जाँच के परिणाम सही होने में मदद मिलेगी।

1. विर्य के नमूने की स्वीकृति का समय :

सोमवार से शुक्रवार **सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे और शाम 7:00 से 8:00 बजे** तक ही विर्य नमूने स्वीकार किये जायेंगे। यह जाँच रविवार या निर्दिष्ट घंटों के अलावा नहीं कि जायेगी।

नोट: प्रयोगशाला केवल उन विर्य नमूनों को **स्वीकार करती है जिनकी अपॉइंटमेंट है**। टेस्ट अपॉइंटमेंट के लिए कृपया **8600007473 / 8600996708** पर कॉल करें।

2. विर्य के नमूने लेने का तरीका :

विर्य का नमूना लेने के लिए ***हस्तमैथुन*** ही एकमात्र स्वीकार्य तरीका है। संपूर्ण विर्य एक स्वच्छ कंटेनर में एकत्र किया जाना चाहिए, जो कंटेनर आपके चिकित्सक या प्रयोगशाला द्वारा प्रदान किया गया है। **कंडोम में विर्य नमूना न ले**, संभोग व्दारा लिया गया विर्य नमूना न लाए। विर्य नमूना लेते वक्त हस्तमैथुन के लिए साबुन या चिकनाई का उपयोग न करें। संपूर्ण विर्य एकत्र किया जाना चाहिए। विर्य का नमूना या तो आपके घर की गोपनीयता में ले सकते है या प्रयोगशाला में दिया जा सकता है।

3. संयम की अवधि :

आपको परीक्षण से **कमसे कम 3 दिन और अधिकतम 7 दिन** पहले तक किसी भी यौन गतिविधि (हस्तमैथुन सहित) से परहेज रखना चाहिए। आपको परीक्षण से 1 सप्ताह पहले तक किसी भी दवा को नहीं लेना चाहिए। यदि आप कोई दवा ले रहे हैं तो अपने डॉक्टर से इस बारे में सलाह ले।

4. विर्य का नमूना प्रयोगशाला तक कैसे भेजें ?

विर्य के नमूने को आपके शरीर के तापमान पर बनाए रखा जाना चाहिए और संग्रह के बाद **20-25 मिनट के भीतर** प्रयोगशाला में पहुंचाया जाना चाहिए। कृपया अपने नाम और विर्य लेने की तारीख और समय को कंटेनर पर लिखे। **नोट: लेबल न किए गए नमूनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

© Medstar Diagnostics